सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सरंक्षण की प्रतिज्ञा के साथ हिन्दुस्तान जिंक में 54वां सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न

सुरक्षा को अपनी आदत और जीवन शैली बनाएं-जांगिड़

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

चित्तौडगढ़। राष्ट्र की प्रगति में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण का सरंक्षण महत्वपूर्ण है। सुरक्षा को हम प्राथमिकता में लेकर अपनी आदत और जीवन शैली बनाएं यह बात वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर सूरज प्रकाश जांगिड़ ने जिंक चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर में आयोजित 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं है, सुरक्षा के प्रति कार्यक्षेत्र या परिवहन, जिम्मेदारी से ही हम स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित रख सकते है। किसी भी दूर्घटना का मुख्य कारण हमारी लापरवाही है जिसे सुरक्षा नियमों के पालन से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को दुर्घटनाओं से बचाव के लिये सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया एवं सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर डिप्टी सीईओ स्मेल्टर्स मानस त्यागी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रमुख है। हिन्दुस्तान ज़िंक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, किसी भी कार्य को करने से पहले हम उस कार्य को करने के सुरक्षित तरिकों के बारे में सोचा जाएं तो शून्य दूर्घटना और शून्य क्षति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह प्रयास करना होगा की चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर सुरक्षा मानकों के लियें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने फायर टेंडर कर्मचारियों का बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष 123 स्थानों पर हिन्दुस्तान ज़िंक के अग्निशमन दल ने आपातकाल स्थिति से निपटने और आग बुझानें का कार्य किया जिसमें निम्बाहेड़ा में हुआ क्लोरिन रिसाव पर नियंत्रण प्रमुख है।

महामंत्री मजदूर संघ घनश्याम सिंह राणावत ने उपस्थित कर्मचारियों एंव अधिकारियों से सुरक्षा के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने एवं सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता में रखते हुए सुरक्षा के राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की। जिला मेटल माइंस मजदूर संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी ने कहा कि दोहरी मानसिकता और नकारात्मक सोच को छोड़ कर हम कार्यस्थल और बाहर कार्य करें ताकि हम सुरक्षित रह सकें।

सुरक्षा प्रमुख बालचंद पाटीदार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर वर्षभर के सुरक्षा प्रदर्शन एवं कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए उद्योग के साथ ही घर एवं सड़क सुरक्षा हेतु चलाएं जा रहे कार्यक्रमों, समुदाय और प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षा जागरूकता अभियान की जानकारी दी। सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा रैली, रन फॉर सेफ्टी मैराथन एवं कॉलानी में सुरक्षा जागरूकता, राजकीय विद्यालयों में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर प्रतियोगिता सुरक्षा नारा प्रतियोगिता क्वीज का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में पायरो, हाइड्रों एवं सीपीपी की टीम ने नुक्कड नाटक से सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर, मजदूर संघ के पदाधिकारी जीएनएस चैहान,दिलीप सिंह, चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के अमित सुराणा, पुष्पेन्द्र मीणा, बीनू राफेल, रिपन घोष, अनूप कुमार, रविराज, ममता शर्मा सुरक्षा विभाग से मीनाक्षी कुमावत, दीपक पटेल, शुभम साहू,भगवती पालीवाल, हिसन, रेणू श्रृंगी एवं विनय सहित जिंक अधिकारी, कर्मचारी एवं बिजनेस पार्टनर के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संचालन अभिषेक कोठारी ने किया।